# 'आबकारी एमनेस्टी योजना में बकायादारों के लिए बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ'

**कोटा,** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आबकारी विभाग की पुरानी बाकीयात को निपटाने के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 प्रारंभ की है जिसके तहत बकायादारों को बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी का लाभ प्रदान किया जा रहा है।

जिला आबकारी अधिकारी भंवरलाल जनागल ने बताया कि आबकारी विभाग के बकायादारों के लिए आबकारी एमनेस्टी योजना-2024 पुरानी बकाया को निपटाने का सुगम अवसर है। उक्त योजना के तहत बकायादारों द्वारा बकाया राशि जमा करवाने पर बकाया ब्याज की शत-प्रतिशत माफी के साथ ही मूल बकाया राशि में भी छूट का प्रावधान किया गया है। यह योजना 31 दिसम्बर 2024 तक प्रभावी है।

इस योजना का लाभ लेकर पुरानी बकाया राशि का भुगतान कर अनावश्यक सम्पत्तियों की नीलामी, कुर्की, वादकरण से बचा जा सकता है। इस संबंध में जानकारी एवं बकाया प्रकरणों के निपटारे के लिए अतिरिक्त आबकारी आयुक्त जोन, जिला आबकारी अधिकारी एवं आबकारी निरीक्षक से सम्पर्क किया जा सकता है।



कोटा में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई की गयी है।

उन्होंने बताया कि योजना के तहत राशि नही जमा करवाने पर बकायादारों एवं उनके जमानतियों की चल-अचल सम्पत्तियों की कुर्की की जाकर भू-राजस्व अधिनियम के अन्तर्गत प्रचार-प्रसार कर नीलामी एवं आवश्यक होने पर बकायादारों के विरूद्ध सिविल, फौजदारी मुकदमें दर्ज करवाने की कार्यवाही भी की जा सकती है।

**बकायादारों पर की कार्रवाई:-** जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि आबकारी विभाग ने एमनेस्टी योजना के तहत छूट देने के बाद भी बकाया जमा नहीं करवाने वाले बकायादारों पर कार्रवाई की गई। मंगलवार को ग्राम डोलिया में कार्रवाई के दौरान एक खेत को कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि ग्राम डोलिया के राजेन्द्र सिंह के तीन खसरों की 1.52 हैक्टेयर भूमि में से बकायादार की हिस्सा भूमि को राजस्व पटवारी की उपस्थिति में कुर्क किया गया है। उन्होंने बताया कि इससे पहले भी ग्राम कुराड तहसील कनवास के एक बकायादार की 2.43 हैक्टेयर जमीन को कुर्क किया जा चुका है।

उन्होंने बताया कि एमनेस्टी योजना 2024 के तहत बकायादारों को राज्य सरकार की ओर से काफी छूट दी गई है। इसमें वर्ष 2018 से पूर्व की मूल बकाया पर 75 प्रतिषत राशि तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2018 से वर्ष 2022 तक के बकायादारों को मूल राशि का 50 प्रतिशत तथा ब्याज माफ किया गया है। वर्ष 2022 से मार्च 2024 तक बकायादारों को मूल राशि जमा कराये जाने पर ब्याज माफ किया गया है।

जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि विभाग से निर्धारित नियमों के तहत शुल्क जमा करवाकर मदिरा दुकानें लेने वाले ठेकेदारों द्वारा पूर्ण गारंटी आपूर्ति नहीं करने पर अनुज्ञाधारी को बकायादार घोषित किया जाता है। जिले में गत वर्षो के 318 प्रकरणों में कुल 13011.22 लाख रुपये बकाया रही। इसमें वृत कोटा उत्तर में 83 प्रकरणों की बकाया राशि 2697.28 लाख रुपये, वृत कोटा दक्षिण के 156 प्रकरणों की बकाया राशि 8327.43 लाख रुपये व वृत रामगंजमंडी के 79 प्रकरणों की बकाया राशि 1986.51 लाख रुपये।

जिले में 35 बकाया प्रकरणों में माननीय न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त किया हुआ है जिसकी बकाया राशि 4111.58 लाख रुपये है। इनमें से आबकारी विभाग ने 33 प्रकरणों की 35.74 लाख रुपये वसूली कर राजकोष में जमा करवा दिये गये है। जिले में 112 बकायादारों की चल-अचल (जमीन,वाहन,बैंक खाते) सम्पत्तियों को ट्रेस किया जा चुका है जिन में से 77 बकायादारों की सम्पत्तियों के कुर्की वारन्ट जारी किये जा चुके हैं।

## हैड कांस्टेबल की संदिग्ध मौत

**कोटा,** (निसं)। ग्रामीण एडिशनल एसपी ऑफिस में तैनात हेड कॉंस्टेबल ग्रामीण पुलिस लाईन क्वार्टर में अचेत मिला जिसको उपचार के लिए एमबीएस अस्पताल लाया गया, जहां पर चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया सूचना पर बोरखेड़ा पुलिस मौके पर पहुंची। बोरखेड़ा थाने के एएसआई करतार सिंह ने बताया कि मृतक हेड कांस्टेबल लालाराम (50) मूल रूप से जोधपुर का रहने वाले थे जो पत्नी और बेटे साथ ग्रामीण पुलिस लाईन में सरकारी क्वार्टर में रह रहे थे पत्नी और बेटा कोटा से बाहर गए हुए थे सोमवार शाम को बेटे ने पिता के मोबाईल पर फोन किया फोन नहीं उठाने पर बेटे ने पड़ोसी मोमराज के मोबाईल पर फोन किया जिस पर पड़ोसी लालाराम के घर पर पहुंचा जहां पर हेड कांस्टेबल लालाराम अचेत अवस्था मे मिला जिस पर पड़ोसी उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे जहां पर डॉक्टर ने जांच के बाद हेड कांस्टेबल को मृत घोषित कर दिया इसकी सूचना कोटा से बाहर गए हुए लालाराम के बेटे और पत्नी को दी गई मंगलवार को बेटे व पत्नी के कोटा पहुंचने के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया बोरखेड़ा थाने के एएसआई करतार सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मृत्यु के कारण का पता चल पाएगा मामला दर्ज कर जांच की जा रही है।

### सार-समाचार

## रेलवे कर्मचारी की संदिग्ध मौत

**कोटा,** (निसं)। रेलवे कर्मचारी की मंगलवार तड़के संदिग्ध मौत हो गई मृतक रेलवे वर्कशॉप में कार्यरत था रेलवे कॉलोनी थाने के एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि पूनम कॉलोनी निवासी रामेश्वर प्रसाद (56) परिवार के साथ घर पर सो रहा था मंगलवार तड़के 4.00 बजे करीब रामेश्वर पलंग से नीचे गिर गया रामेश्वर के पलंग से नीचे गिरने की आवाज सुनकर उसकी पत्नी और बेटा जाग गएं जिस पर रामेश्वर ने उनसे कहा कि मैंने कोई गोली खाई थी जिससे उसको बेचैनी हो रही है पत्नी और बेटा रामेश्वर को लेकर कोटा के निजी अस्पताल पहुंचे जहां ईलाज के दौरान रामेश्वर की मौत हो गई मृतक के शव को एमबीएस अस्पताल के पोस्टमार्टम रूम लाया गया रेलवे कॉलोनी थाने के एएसआई जगदीश प्रसाद ने बताया कि सूचना पर अस्पताल पहुंचे और मृतक के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया मामला दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## भाजपा कार्यकर्ता कोटा से उनियारा पहुंचे

**कोटा,** (निसं)। देवली-उनियारा विधानसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय प्रत्याशी राजेंद्र गुर्जर को आने वाले चुनाव में अधिक से अधिक मत से विजय प्राप्त हो इस लिए उनियारा क्षेत्र में सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से मिलकर आमजन का जुड़ाव और बड़े एवं सभी आमजनों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण करने का आश्वासन दिलाया स ऊर्जा मंत्री हीरालाल नगर के नेतृत्व में कोटा से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उनियारा विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार करने पहुंचे इसमें नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी, शहर उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश शर्मा, बीजेपी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक अनिल तिवारी, व्यवसाय प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक बादल, पूर्व पार्षद महावीर सुवालका, युवा मोर्चा महामंत्री नरेंद्र मेघवाल, राजेंद्र केवट, रोहित सिंह चंदेलसहित कई भाजपा कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कैंसर के प्रति जागरुक किया

**कोटा,** (निसं)। एनीमिया मुक्त राजस्थान अभियान के तहत मंगलवार को आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य केन्द्रों/स्कूलों में शक्ति दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में लक्षित बच्चे, किशोर-किशोरी, धात्री माताएं, गर्भवती व प्रजनन उम्र की लाभार्थी महिलाओं में एनीमिया नियंत्रण को लेकर स्क्रीनिंग की गई। हीमोग्लोबिन की जांच कर आईएफए (आयरन फोलिक एसिड) की दवाई नि:शुल्क दी गई। साथ ही एनीमिया रोग के लक्षण, बचाव, उपचार की जानकारी दी। पौटिष्क, आयरनयुक्त फल-सब्जी, संतुलित आहार लेने की हिदायत दी। 30 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को ब्रेस्ट व सर्वाइकल कैंसर के लक्षण, उपचार के बारे में बताया।

### सार-समाचार

## त्यौहार में कोटा से पटना के बीच एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन का संचालन

**कोटा,** (निसं)। छठ महापर्व को देखते हुए त्यौहार में अतिरिक्त यात्री भीड़ को क्लीयर करने के उद्देश्य से गाड़ी सं 03219/03220 पटना-कोटा-पटना के मध्य स्पेशल ट्रेन को चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में 2 वातानूकुलित टू टियर कोच, 2 वातानुकूलित ट्री टियर कोच, 2 वातानुकूलित थर्ड एसी इकोनॉमी कोच, 10 स्लीपर, 2 सामान्य श्रेणी, 2 जनरेटरकार तथा 01 एसएलआरडी सहित कुल 20 कोच होंगे। जिससे कोटा से उत्तरप्रदेश एवं बिहार जाने वाले यात्रियों को भीड़ से राहत मिलेगा। गाड़ी संख्या 03219/03220 पटना-कोटा-पटना के मध्य पूजा स्पेशल एक ट्रिप शनिवार दिनांक 09 नवम्बर पटना से और रविवार दिनाँक 10 नवम्बर कोटा से चलेगी। गाड़ी सं 03219 पटना से कोटा के लिए प्रस्थान अपने प्रारम्भिक स्टेशन से रात 22.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 20.00 बजे कोटा पहुंचेगी और वापसी गाड़ी संख्या 03220 कोटा से प्रस्थान रात 22.00 बजे प्रस्थान कर अगले दिन 23.15 बजे पटना पहुंचेगी। यह गाड़ी दोनों दिशाओं में पटना-कोटा-पटना के मध्य दानापुर, आरा, बक्सर, पं दीन दयाल उपाध्याय, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर सेन्ट्रल, टूण्डला, आगरा फोर्ट, बयाना एवं सवाई माधोपुर स्टेशनों पर रुकेगी। इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/जनसम्पर्क अधिकारी कोटा रोहित मालवीय ने बताया कि ट्रेन ऑन डिमांड के तहत इस पूजा स्पेशल ट्रेन को चलाया जा रहा है। इस संबंध में सर्व-संबधित स्टेशनों और कर्मचारियों को निर्देशित किया गया है। यात्रियों से अनुरोध है कि ट्रेन की उचित स्थिति की जानकारी स्टेशन, एनटीईएस, रेल मदद 139 एवं ऑनलाइन प्राप्त कर यात्रा करें।

## दीपावली स्नेह मिलन व प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**कोटा,** (निसं)। हाड़ौती हलवाई केटरर्स एसोसिएशन कोटा का दीपावली स्नेह मिलन समारोह बोरखेड़ा स्थित निजी रिसोर्ट में सायं 5 बजे से आयोजित किया जाएगा। एसोसिएशन के अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल एवं सचिव सचिन माहेश्वरी ने बताया कि स्नेह मिलन समारोह के मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला होंगे। विशिष्ट अतिथि राजस्थान रेडक्रॉस सोसायटी के अध्यक्ष राजेश बिरला, उपभोक्ता होलसेल भण्डार के अध्यक्ष हरिकृष्ण बिरला, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, लाड़पुरा विधायक कल्पना देवी, कोटा उत्तर विधायक शांति धारीवाल, कोटा व्यापार महासंघ के अध्यक्ष क्रांति जैन, महामंत्री अशोक माहेश्वरी, वरिष्ठ भाजपा नेता पंकज मेहता, पूर्व विधायक चन्द्रकांता मेघवाल, महिला कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष राखी गौतम, भाजपा शहर अध्यक्ष राकेश जैन, शहर कांग्रेस अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी, जयपुर कैटरिंग डीलर समिति के अध्यक्ष मनोज सेवानी, फेडरेशन ऑल इंडिया केटर्स सुनील सोखियां रहेंगे। अध्यक्ष अन्नू अग्रवाल एवं सचिव सचिन माहेश्वरी ने बताया कि समारोह से पूर्व कुकिंग क्वीन कम्पीटीशन भी आयोजित होगा। इस दौरान सांस्कृतिक संध्या एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देश के विख्यात केटर्स को आमंत्रित किया गया है, जो समारोह के दौरान लजीज व्यंजनों की प्रदर्शनी भी लगाएंगे।

## तीन दिवसीय तबला कार्यशाला 12 से

**कोटा,** (निसं)। केशव कला मंडल की ओर से 12 नवम्बर से किशोर सागर तालाब स्थित कला-दीर्घा पर तीन दिवसीय तबला कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कार्यशाला संयोजक रविंद्र गौतम ने बताया कि वर्कशॉप में देश के जाने-माने गुरू पंडित किशनराम दोहकर के द्वारा तबला वादन की बनारस घराना शैली और निकास की बारीकियों के टिप्स दिए जाएंगे। इसमें इंटरमीडियट और एडवांस तबला विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। वर्कशॉप के लिए 10 नवंबर तक पंजीयन कराए जा सकते हैं।

# पत्र लिखकर सिर्फ औपचारिकता न करें अधिकारी : जिला कलेक्टर

**कोटा,** (निसं)। अंतर विभागीय समन्वय समिति की बैठक मंगलवार को कलेक्टर डॉ.रविंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के कक्ष में आयोजित की गई।

इस बैठक में शहरी क्षेत्र के विभिन्न विभागों के कार्यों और उनकी प्रगति पर गहन समीक्षा की गई। कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जगदीश सोनी से शहरी क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने लोक निर्माण विभाग को निर्देशित किया कि वह शीघ्र ही संबंधित विभागों को साइट प्लान एवं जी शेड्यूल उपलब्ध कराए, ताकि निर्माण कार्यों की प्रभावी निगरानी की जा सकें।

बैठक में कलक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रसव सेवाओं की स्थिति पर भी चर्चा की गई। डॉ.गोस्वामी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ओपीडी और आईपीडी सेवाओं का जायजा लेते हुए निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्रों में मरीजों को अनावश्यक रूप से रेफर न किया जाए और उन्हें आईपीडी सेवाओं का लाभ भी प्राप्त हो सके। इसके साथ ही, उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के नर्सिंग स्टॉफ को प्रसव सेवाओं के लिए प्रशिक्षित करने पर जोर दिया ताकि यहां भी प्रसव की सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। कलेक्टर ने रामपुरा, दादाबाड़ी, भीमगंजमंडी, कुन्हाड़ी और विज्ञान नगर जैसे क्षेत्रों में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी विस्तार से ली।

एमबीएस अस्पताल में विभिन्न छोटे-मोटे निर्माण कार्यों के लिए लोक निर्माण विभाग को निर्देश दिए गए कि नियमानुसार वार्षिक टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाए। उन्होंने एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ.धर्मराज मीणा को कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) और लोक निर्माण विभाग के साथ समन्वय कर कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर करवाने के निर्देश दिए। राज्य स्तर पर आवश्यक कार्रवाई के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों से संबंधित पत्रावलियों की प्रति उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

स्वच्छता व्यवस्था की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए, उन्होंने जिला खेल अधिकारी को हॉस्टल में नियमित रूप से सफाई कार्य करवाने के निर्देश दिए। साथ ही सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि केवल पत्राचार के माध्यम से औपचारिकता निभाने की बजाय कार्यों का स्वयं के स्तर पर फॉलोअप किया जाए और उन्हें धरातल पर उतारा जाए। उन्होंने कहा कि पत्र लिखकर जिम्मेदारी को समाप्त कर देने का रवैया अस्वीकार्य है और अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाएगी। इसके अलावा, नगर निगम के अधिकारियों से स्वच्छता और पूर्व में चल रहे कार्यों की प्रगति पर जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। कोटा विकास प्राधिकरण के सचिव कुशल कोठारी को एमबीएस अस्पताल में नियोजित योजनाओं के तहत कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। इस बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी के.के. शर्मा, नगर निगम आयुक्त उत्तर अशोक त्यागी, नगर निगम आयुक्त दक्षिण अनुराग भार्गव सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## मुंह के बल गिरा अधेड़, मौत

**कोटा,** (निसं)। भैया दूज का त्यौहार बनकर परिवार सहित वापस घर जाते समय कोटा प्लेटफॉर्म के बाहर मुंह के बल गिरने से अधेड़ की मौत हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार जयपुर के चौमू निवासी सुरेंद्र अग्रवाल परिवार सहित त्यौहार बनाने के लिए शुक्रवार को अपने ससुराल कैथून आये थे। भैया दूज करके सोमवार रात्रि को जयपुर जाने के लिए कोटा प्लेटफॉर्म पर पहुंचे सुरेंद्र के साथ उसकी पत्नी बच्ची भी थी प्लेटफार्म के बाहर बैग की बेल्ट में पैर फंसने से सुरेंद्र अग्रवाल मुंह के बल नीचे गिरकर बेहोश हो गया जिसे अचेत अवस्था मे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती मिथलेश बैरागी द्वारा अपने स्वामित्व के आवास संख्या 19-D न्यू कालोनी बून्दी पैमायशी 1250 वर्गफुट को टाटा केपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि. में रहन रखकर ऋण प्राप्त कर रहे है। उक्त आवास श्रीमती मिथलेश बैरागी ने श्री गजेन्द्र शंकर मेहता से जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.12.08 को क्रय की है। जिसके विक्रय पत्र का पंजीयन कार्यालय उप पंजीयक कोटा में दिनांक 01.12.08 को हो रहा है।

यह कि उक्त सम्पत्ति को रहन कर ऋण देने के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था या अन्य को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता को 5 दिवस के भीतर सूचित कर अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

कमल गुप्ता, एडवोकेट
मो. 9414288889

**पश्चिम मध्य रेल**

निविदा सूचना यांत्रिक विभाग
दिनांक 30.10.2024

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) पश्चिम मध्य रेलवे/कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र IREPS पोर्टल पर दिनांक 21.11.2024 को 15.00 बजे बंद हो जायेगी तथा उसी दिन 15.30 बजे पर खोली जायेगी। **टेंडर नं.:** वरि. मं.या.अभि/प.म.रे/कोटा/17-24-25, **कार्य का विवरण:** सोगरिया स्टेशन पर SCADA आधारित त्वरित जल व्यवस्था के प्रावधान का कार्य।, **अनुमानित लागत:** 10108529.00, **बयाना राशि:** 200600.00, **कम्प्लीशन पीरियड:** 6 माह, **निविदा खुलने की दिनांक एवं समय:** 21.11.2024 समय 15.30। रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट से उतारा जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पमरे, कोटा

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# जेईई-एडवांस्ड में अब तीन अटेम्ट, लगातार तीन साल दे सकेंगे परीक्षा

- जेईई-एडवांस्ड 2025 की वेबसाइट लांच, आईआईटी कानपुर को मिली जिम्मेदारी
- परीक्षा में पहली बार आयु सीमा तय की गई

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड 2025 की वेबसाइट मंगलवार को जारी कर दी गई। इस वर्ष यह परीक्षा आईआईटी कानपुर द्वारा करवाई जाएगी।

जारी सूचना में सबसे बड़ा अपडेट ये है कि अब एक विद्यार्थी तीन वर्ष में तीन बार जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल हो सकेगा।

अब तक जेईई-एडवांस्ड देने के अवसरों की संख्या अधिकतम दो प्रयास हुआ करती थी। इससे बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स को आईआईटी में प्रवेश के लिए एक और प्रयास करने का अवसर मिलेगा।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि उल्लेखनीय है कि पिछले 14 वर्षों के आंकड़ों के आकलन के आधार पर हर 6 वर्ष बाद रोटेशन में आईआईटी को परीक्षा आयोजन की जिम्मेदारी दी जाती है। वर्ष 2018 में इस परीक्षा के आयोजन की जिम्मेदारी आईआईटी कानपुर को ही मिली थी।

दिल्ली, बॉम्बे, खड़गपुर, कानपुर, मद्रास, रूड़की व गुवाहाटी ने अब तक जेईई-एडवांस्ड परीक्षा आयोजित करवाई है।

जेईई-मेन के आधार पर श्रेष्ठ 2.50 लाख विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। इसमें 10 प्रतिशत जरनल-ईडब्ल्यूएस, 27 प्रतिशत ओबीसी-एनसीएल, 15 प्रतिशत एससी, 7.5 प्रतिशत एसटी और 40.5 प्रतिशत ओपन कैटेगिरी की सीट्स होंगी। वर्ष 2025 में हो रही जेईई-एडवांस्ड में वर्ष 2023, 2024 और 2025 में कक्षा 12 की परीक्षा देने वाले विद्यार्थी शामिल हो सकेंगे। वर्ष 2022 या इससे पहले 12वीं या इसके समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले परीक्षा में शामिल होने योग्य नहीं होंगे।

ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने पूर्व में आईआईटी में जोसा काउंसलिंग के दौरान प्रवेश ले रखा है वे विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड परीक्षा में शामिल नहीं हो सकेंगे, जबकि जेईई-मेन क्वालीफाई कर एनआईटी में प्रवेश ले चुके विद्यार्थी जेईई-एडवांस्ड परीक्षा दे सकेंगे। जेईई-एडवांस्ड परीक्षा 26 मई या 2 जून 2025 को संभावित है।

**आयु सीमा तय:-** इस वर्ष जेईई-एडवांस्ड परीक्षा के लिए आयु सीमा भी तय की गई है। ऐसे विद्यार्थी जिनका जन्म 1 अक्टूबर 2000 के बाद का है वे ही परीक्षा में शामिल हो सकेंगे। एससी-एसटी, पीडब्ल्यूडी विद्यार्थियों को इस आयु सीमा में 5 वर्ष की रियायत दी गई है, यानी इस वर्ग के विद्यार्थी 1 अक्टूबर 1995 के बाद जन्म लेने वाले विद्यार्थी परीक्षा के योग्य होंगे।

## बुनकर पुरस्कार प्रतियोगिता के लिए समिति की बैठक आयोजित

**कोटा,** (निसं)। जिला स्तरीय बुनकर पुरस्कार प्रतियोगिता के लिए गठित समिति की बैठक अतिरिक्त जिला कलक्टर सीलिंग कृष्णा शुक्ला की अध्यक्षता में मंगलवार को आयोजित की गई। जिसमें बुनकर सेवा केन्द्र जयपुर के प्रतिनिधि, महाप्रबंधक जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र कोटा एवं अन्य समिति सदस्य उपस्थित रहे। महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र हरिमोहन शर्मा ने बताया कि समिति द्वारा प्राप्त कलाकृतियों का अवलोकन कर बुनकरों की कलाकृतियों का चयन किया गया। जिसमें प्रथम पुरूस्कार के लिए कैथून निवासी शबनम बानो, द्वितीय पुरूस्कार के लिए गुलिस्ता बानो, तृतीय पुरूस्कार के लिए इफ्तेसाम जिया, सांत्वना पुरूकार के लिए नसीम बानो एवं अज्रूद्दीन अंसारी का चयन किया गया। चयनित किए गए बुनकरों को प्रथम पुरस्कार 5 हजार 100 रूपये, द्वितीय पुरूस्कार 3 हजार 100 रूपये, तृतीय पुरूस्कार 2 हजार 100 रूपये तथा सांत्वना पुरूस्कार प्रत्येक को एक हजार 100 रूपये का बैंक खाते में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चयनित प्रथम एवं द्वितीय कलाकृतियों को राज्य स्तर पर चयन के लिए जयपुर भिजवाया जाएगा।

## राजस्व अधिकारियों की बैठक 11 को

**बूंदी** (निसं)। जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक 11 नवंबर को सुबह 11 बजे जिला कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित होगी। बैठक की अध्यक्षता जिला कलेक्टर करेंगे। जिसमें राजस्व विभाग के अधिकारी रहेंगे।


**कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण ( राज. )**

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2024/12372 दिनांक: 5.11.24

**स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती सविता जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन निवासी भूखंड संख्या सी-243 तलवण्डी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण में आवेदन प्रस्तुत कर भूखंड संख्या सी-243 तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 2278.5 वर्गफुट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तांतरण करने का निवेदन किया है। भूखंड संख्या सी-243 तलवण्डी कोटा क्षेत्रफल 2278.5 वर्गफुट का पंजीयन कार्यालय नगर विकास न्यास कोटा द्वारा पत्र क्रमांक 20 दिनांक 01.05.1995 से श्री जम्बू कुमार जैन पुत्र श्री हुकमचन्द जैन के नाम करवाया गया। श्री जम्बू कुमार जैन का देहावसान दिनांक 31.03.2013 को हो जाने के उपरांत श्री जम्बू कुमार जैन के विधिक वारिसान श्री अर्पित जैन एवं श्री पुलकित जैन पिसरान स्व. श्री जम्बू कुमार जैन ने जर्ये रजिस्टर्ड हक त्याग पत्र दिनांक 13.06.2023 से उक्त भूखंड में से स्वयं का हक श्रीमती सविता जैन पत्नी स्व. श्री जम्बू कुमार जैन के पक्ष में त्याग दिया है। श्रीमती सविता जैन द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण


## 'तुलसी' का श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों में चयन

**कोटा,** (निसं)। राजस्थान सिन्धी अकादमी प्रशासक एवं जयपुर संभागीय आयुक्त रश्मि गुप्ता ने बताया कि अकादमी की पाण्डुलिपि प्रकाशन सहयोग योजना में राज्यभर के साहित्यकारों द्वारा प्रस्तुत पाण्डुलिपियों में से 6 श्रेष्ठ पाण्डुलिपियों का चयन किया गया है इसमें कोटा के वरिष्ठ साहित्यकार किशन रतनानी का कहानी संग्रह तुलसी भी शामिल है। तुलसी कहानी संग्रह रतनानी की नई 11 सिंधी कहानियों का संग्रह है। उल्लेखनीय है कि कोटा के किशन रतनानी भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ अधिकारी और प्रधानमंत्री कार्यालय में पूर्व निदेशक के पदस्थापित रहे हैं। किशन रतनानी के अब तक कुल 15 कहानी व एकांकी संग्रह प्रकाशित हो चुके हैं जिसमें से चार पुस्तकों पर उन्हें राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। अटलानी की पाण्डुलिपि "दहशत", अजमेर की डॉ.कमला गोकलानी की पाण्डुलिपि "मेरी नजर में", अजमेर के डॉ.सुरेश बबलानी की पाण्डुलिपि "सिन्धी बोली ऐं लिपिअ जो इतिहास", अजमेर के डॉ. प्रताप पिंजानी की पाण्डुलिपि "विक्रम उर्वशी" एवं अजमेर के ही प्रकाश तेजवानी की पाण्डुलिपि "सिन्धी व्याकरण" सम्मिलित हैं।

# गोयल और दाऊदयाल के पीछे हुजूम उमड़ता था मोबाईल ने सीमित कर दिया : राजावत

**कोटा,** (निसं)। भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक भवानीसिंह राजावत ने वल्लभबाड़ी स्थित कार्यालय पर दीपावली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि दिवंगत कृष्णकुमार गोयल, दाऊदयाल जोशी, ललित किशोर चतुर्वेदी, रघुवीर सिंह कौशल, हरिकुमार औदिच्य के समय दीपावली व होली मिलन के अवसर पर कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ता था लेकिन अब मोबाईल ने इस मिलन को सीमित कर दिया।

राजावत ने बताया कि 35-40 वर्ष पूर्व ये दिवंगत नेता दीपावली पर प्रमुख बाजारों मे राम-राम करने निकलते थे तो लोगों का जनसैलाब उमड़ता था और होली मिलन समारोह पर कैथूनीपोल, टिपटा होते हुए रामपुरा पीपल के पेड़ के नीचे बैठ कर हजारों लोगों के साथ दिनभर होली खेलते थे लेकिन अब घरों पर बैठे कार्यकर्ता केवल मोबाईल पर राम-राम करते हैं उन्होनें कहा कि हजारों कार्यकर्ता प्रदेशभर से बधाई देते हैं लेकिन कोटा



कोटा में पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत ने दीपावली मिलन समारोह में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया है।

मे बैठे कार्यकर्ता बधाई देना चाहते हैं वे उनको साफ मना करते हैं।

राजावत ने कार्यकर्ताओं को संघर्ष की प्रवृत्ति छोड़ने पर तंज कसते हुए कहा कि राज कैसा भी हो प्रशासन से टकराने की संघर्ष की प्रवृत्ति नहीं छोड़ना चाहिए रीको व कलेक्टर कोटा ने गाड़ियां लुहारों का जेके के सामने रीको की भूमि पर बसाने के लिए उनसे मना किया लेकिन उन्होंने इनको चुनौती देते हुए कहा कि ये भूमि करोड़ों की हो लेकिन गरीब आदमी कहा जाएगा और नि:शुल्क उनको आवंटित करवा दी जिस पर लगभग गरीब परिवार आज भी रह रहे हैं। रंगबाड़ी, अजय आहूजा नगर, क्रेशर बस्ती अनेकों गरीबों को उन्होनें बसाया हैं। कार्यकर्ता भी संघर्ष की प्रवृत्ति रखकर राज कैसा भी हो प्रशासन से टकराना सीखें।

समारोह मे सेवानिवृत्त तहसीलदार भवानीसिंह चौहान, लाड़पुरा की पूर्व प्रधान अनुराधा मीणा, मण्डल अध्यक्ष हुकमचन्द शर्मा, नेमीचन्द नागर, कोटा स्टोन एसोसिएशन के महामंत्री विकास जोशी, व्यापार प्रकोष्ठ के सुरेश मित्तल, गाडियां लुहार समाज के प्रदेश मंत्री घासी लुहार, युवा मोर्चा के जयराज सिंह हाड़ा, पूर्व मण्डल अध्यक्ष राजकुमार नन्दवाना, सुरेश गुर्जर, मनीष गालव, कानसिंह सोनगरा, पूर्व मण्डल महामंत्री सतीश भारद्वाज, किसान मोर्चा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष हुसैन देशवाली, महावीर सुमन भी उपस्थित रहे।


AU SMALL FINANCE BANK

**Registered Office :** 19-A Dhuleshwar Garden, Jaipur, Rajasthan, India, 302001. www.aubank.in

**LOAN AGAINST GOLD - AUCTION NOTICE ON "AS IS WHERE IS" BASIS**

The below mentioned borrower/s have been issued notices to pay their outstanding amounts towards the loan against gold facilities availed from AU Small Finance Bank Limited ("Bank"). Since the borrower/s has/have failed to repay his/their dues, we are constrained to conduct an auction of pledged gold items/articles on **11 Nov 2024 between 11:00 AM - 3:00 PM (Time)** at below mentioned branches according to the mode specified therein. In the case of deceased borrowers, all conditions will be applicable to legal heirs. Please note that in the event of failure of the above auction, the bank reserves its right to conduct another auction without prior intimation.

**E-Auction Branch Details (E-auction will be conducted by using Weblink https://gold.samil.in)**

**BANSWARA** - 24660000124704 24660000234757 24660000259930 | **BHILWARA** - 24660000167973 | **CHITTORGARGH** - 24660000201280 24660000213767 24660000354681 24660000862994 | **JAIPUR - QUEENS ROAD** - 24660000181625 24660000234817 24660000263032 24660000284872 24660000298315 24660000895652 | **JAIPUR-TRIVENI NAGAR** - 24660000278624 | **JHALAWAR** - 24660000270138 | **JODHPUR ITI CIRCLE** - 24660000191206 | **KOTA -GHODE WALA CIRCLE** - 24660000167673 24660000185878 24660000202728 24660000206331 24660000218208 24660000263512 | **LAXMANGARH** - 24660000291428 |

Note: The auction is subject to certain terms and conditions mentioned in the bid form, which is made available before the commencement of auction.

Sd/-
Manager
AU Small Finance Bank Limited